जंगल में एक पेड़ पर एक बूढ़ा बंदर रहता था। उसी पेड़ में ऊपर मधुमक्खियों का छत्ता था। वह बंदर प्रतिदिन छत्ते से टपकने वाले शहद का स्वाद लेता था। एक दिन वह छत्ते को तोड़कर सारे शहद को खाने का ज्यों ही प्रयास करने लगा त्यों ही गुस्साई हुई मधुमक्खियों ने उसे डस लिया और वह अत्यन्त पीड़ा से मर गया।

There was an old monkey on a tree in the forest and there was a honey comb at the top of the same tree. Honey used to drip from the honey comb and the monkey used to enjoy it. Once it got greedy and wanted to drink the entire honey. Climbing to the top, it disturbed the honey comb. Alas, the honey bees got enraged and stung him so fiercely that he died with unbearable pain.

(10)

**सिद्धः कश्चन कुक्कुटाण्डवणिजे दाश्वान् कदाचिच्छ्रियं
प्रादात् काञ्चन काञ्चनाण्डजननीं भाग्यप्रदां कुक्कुटीम्।
लोभेनाधिकजातरूपनिवहं लिप्सुर्वणिक् कुक्कुटीं
हत्वा प्राप न किञ्चिदप्यहरहस्स्वर्णाण्डलाभो गतः॥**

**Siddhaḥ kaścana kukhuṭaṇḍavaṇije dāśvān kadācicchriyaṁ
Prādāt kāñcana kāñcanāṇḍajananīṁ bhāgyapradāṁ kukkuṭīm l
Lobhanādhikajātarūpanivahaṁ lipsurvaṇik kukkuṭīm
Hatvā prāpa na kiñcidapyaharahassvarṇāṇḍalabho gataḥ ll**

एक सिद्ध पुरुष ने किसी अंडे बेचने वाले को समृद्धि प्रदान करने की आकांक्षा से प्रतिदिन सोने का अंडा देने वाली एक भाग्यशाली मुर्गी दी। एक दिन अंडों का व्यापारी लोभाविष्ट हो गया। उसने (एक ही दिन में) अधिक सोना प्राप्त करने की इच्छा से मुर्गी को मार दियां। फलतः, उसे कुछ भी न मिला; (न मुर्गी ही रही और) प्रतिदिन मिलने वाला सोने के अंडे का लाभ भी जाता रहा।

Once upon a time, a sage with spiritual powers, wanted to help an egg-seller. He gave him a hen which laid one golden egg every day. One day the egg-seller got greedy. He wanted to get more golden eggs in one stroke. So he killed the hen. Alas, he lost the hen and his fortune of getting one golden egg every day.

(11)

लोभो नाशनिदानमित्यनुभवेनात्राखिलैर्ज्ञायते
लोके लोचनगोचरैर्व्यतिकरैस्संदर्श्य संदिश्यते।
लोभेनोपहतस्तथापि नर इत्याश्चर्यमालोकयन्
लोकं सुन्दरराज एतददधात् काव्यं कविर्बोधयन्॥

Lobho nāśanidanmityanubhavenatrakhilarjñāyate
Loke locanagocarairvyatikaraisaṁdarśya saṁdiśyate ।
Lobhenopahatāstathāpi nara itcetyāścaryamālokayan
Lokaṁ sundararāja etadadadhāt kāvyaṁ kavirbodhayan ॥

'लोभ नाश का कारण है - इस बात को सभी अनुभव से जानते हैं।' संसार में दृश्यमान घटनाएं हैं जो इस बात को सोदाहरण समझाती हैं। फिर भी आदमी लोभ से मारा जाता है - इस आश्चर्य को देखते हुए लोक को प्रबोधित करने के लिए कवि सुन्दरराज ने इस काव्य की रचना की है।

Everyone knows that greed is the root cause of ruin. This is clearly conveyed by several happenings right in front of our eyes in the world. In spite of this, it is a wonder how Man continues to be greedy. With a view to educate people about this, Poet Sundararajan composed this poem on greed.

वनविलासिनी
VANAVILĀSINĪ

(Forest Nymph)

(1)

श्रृंगैः पादपनिर्भरैः गिरिवरस्यांके नते चोन्नते
कान्तारे कठिनोपलेषु वहसि क्वेत्थं द्रुतं निर्झरि।
एकान्तं विपिनं मृगैस्समुषितं त्वं तावदेकाकिनी
तन्वी हासविलासतस्सितसिता चित्तं ममाकर्षसि॥

Śrṁgaiḥ pādapanirbharaiḥ girivarasyāṁke nate connate
Kāntāre kaṭhinopaleṣu vahasi kvetthaṁ drutaṁ nirjhari I
Ekāntaṁ vipinaṁ mṛgaissamuṣitaṁ tvaṁ tāvadekākinī
Tanvī hāsavilāsatassitasitā cittaṁ mamākarṣasi II

हे पर्वत निर्झरिणी, तू जंगल में कठिन पत्थरों पर तेजी से, किधर बही जा रही है? वृक्षों से आवृत चोटियों से तथा ऊँचे-नीचे पर्वत के वक्षःस्थल पर जंगल एकान्त (सूना) है, तू अकेली है, तू कृशांगी है, तू मुझे बहुत आकर्षित कर रही है। तू (झागों से) सफेद-सफेद हुई ऐसी लग रही है जैसे कि हँस रही हो।

Oh Hill stream, where are you running so fast in the forest along this undulating girdle of the mountain with peaks covered by trees. The forest is lonely. You are alone. You are slim. You attract me very much. You appear to be clad in white while splashing as if with a smile.

(2)

कान्ते निर्झरि तिष्ठ मे प्रतिवचो ब्रूया वनाभ्यन्तरे
भीमे नासि दिवश्च्युता सुरसुता भीत्या ततो धाविता।
आहो नासि वने वनेचरपतेः कन्या मनोहारिणी
स्वैरं विभ्रमवेलया विचरितुं निर्भीतिरत्रागता॥

**Kānte nirjhari tiṣṭha me prativaco brūyā vanābhyantare
Bhīme nāsi divascyutā surasutā bhītyā tato dhāvitā I
Āho nāsi vane vanecarapateḥ kanyā manohāriṇī
Svairaṁ vibhramavelayā vicarituṁ nirbhītiratrāgatā II**

हे प्यारी निर्झरी, रुक और मेरी बात का जवाब (प्रत्युत्तर) दे। क्या तू स्वर्ग से इस भयंकर जंगल में गिरी हुई कोई देवकन्या है जो कि भय के कारण यहाँ से भागने की कोशिश कर रही है। अथवा तू वनेचरों के राजा की मनोहारिणी कन्या तो नहीं है जो कि स्वच्छन्द क्रीड़ा के लिए निर्भय होकर यहाँ आ गई हो।

Oh beloved stream, stop and reply to me. Are you an angel fallen from the sky in this fearful forest and trying to run out of fear? Are you not the beautiful princess of the King of the forest-folk playing here freely without any fear?

(3)

किं ब्रूषे वनदेवताऽसि विपिने त्वं हिण्डमानाऽभितः
मुग्धालीभिरनुद्रुता सहसिता तासामगृह्या सती।
एकान्ते यदि कान्तमत्र विपिने द्रष्टुं त्वमभ्यागता
कामान्धाऽस्यभिसारिका न हि तदा शब्दायनं युज्यते॥

Kiṁ brūṣe vanadevatā'si vipine tvaṁ hiṇḍamānā'bhitaḥ
Mugdhālībhiranudrutā sahasitā tāsāmagṛhyā satī I
Ekānte yadi kāntamatra vipine drasṭuṁ tvamabhyāgatā
Kāmāndhā'yabhisārikā na hi tadā śabdāyanaṁ yujyate II

क्या कह रही है? तू वनदेवता है जो कि अपनी भोली सखियों के द्वारा पीछा किए जाने पर उनकी पकड़ से दूर रहने के लिए जंगल में दौड़ रही है। यदि तू अपने प्रिय को इस एकान्त वन में देखने आई है और तू कामान्ध अभिसारिका है तो शोर मचाना तुझे उचित नहीं है।

What are you saying? That you are a forest nymph running around here being followed by your friends and trying to get out of their reach. If you have come here to have a secret rendezvous with your hero in solitude as a heroine blinded by lust moving towards her hero it is not proper for you to make a loud noise like this.

(4)

नूनं स्तेनवधूरसीति विदितं येन त्वदुत्पाततः
फेनच्छद्मनि दृश्यते समभितः ·कीर्णं हि मुक्ताफलम्।
अन्यस्मै न निवेदयेय कथय क्वेदं त्वयाऽसादितं
किं ब्रूषे न कदाऽपि वक्ष्यसि मम त्वां चोरि गृह्णाम्यतः॥

Nūnaṁ stenavadhūrasīti viditaṁ yena tvadutpātataḥ
Phenacchadmani dṛśyate samabhitaḥ kīrṇaṁ hi muktāphalam I
Anyasmai na nivedayeya kathaya kvedaṁ tvayā'sāditaṁ
Kiṁ brūṣe na kadā'pi vakṣyasi mama tvāṁ cori gṛhṇāmyataḥ II

मुझे लगता है कि तू चोरनी है। तेरे उत्पात से (तेरे उछलते समय) झाग के बहाने मोती चारों ओर फैले हुए दिखाई दे रहे हैं। मैं किसी और से नहीं कहूँगा, बता तो सही, कि तूने ये मोती कहाँ से पाए? क्या कह रही है? तू मुझे ये बात कभी भी नहीं बताएगी? अच्छा तो ले चोर कहीं की, मैं तुझे अभी पकड़ता हूँ।

I have found out that you are indeed a thief, as I see pearls falling scattered all over in the shape of foamy water drops when you jump. I will not tell anyone. Please let me know where you acquired these Hey, what are you saying? That you will never tell me; here I am catching you.

(5)

वामे किं न शृणोषि भाषितमिदं स्थित्वा क्षणं निश्चला
नारीणां चलता न कस्य विदिता नेमाः पुनर्निर्दयाः।
हन्त त्वं कठिनाशया गिरिशिलासंपर्कतो निर्झरि
नो चेत्कान्तमिमं विहाय करुणाहीना कुतो धावसि॥

Vāme kiṁ na śṛṇoṣi bhāṣitamidaṁ sthitvā kṣaṇaṁ niścalā
Nārīṇāṁ calatā na kasya viditā nemāḥ punarnirdayāḥ I
Hanta tvaṁ kaṭhināśayā giriśilāsaṁparkato nirjhari
No cetkāntamimaṁ vihāya karuṇāhīnā kuto dhāvasi II

नटखट निर्झरिणी! तू मेरी बात क्षण भर निश्चल ठहरकर क्यों नहीं सुनती? यह कौन नहीं जानता कि नारियाँ बड़ी चंचल होती हैं। लेकिन वे निर्दय तो नहीं होतीं। निर्झरिणी, लगता है पहाड़ की शिलाओं के सम्पर्क से तू कठोर हृदय वाली हो गई है। नहीं तो अपने प्रिय मुझको यों छोड़कर करुणाहीन की तरह क्यों दौड़ कर जाती।

you mischivous stream. why don't you stop for a while and hear my words? Who does not know that women are not steadfast? But they are not without compassion. But you have become hard hearted in the company of hard rocks. Why else will you run away like this without mercy leaving me your lover?

(6)

मुग्धे किं विहितं मयाऽद्य किमिति त्वं तत्र गत्वा गिरेः
श्रृंगात् भूमितले निपत्य यतसे त्यक्तुं निजं जीवितम्।
हा हा त्वं पतितैव किं वितननै पश्याम्यधस्तादिति
सा मे पश्यत एव साट्टहसितं पाटच्चरी विद्रुता॥

Mugdhe kiṁ vihitaṁ mayā'dya kimiti tvaṁ tatra gatvā gireḥ
Śṛṁgāt bhūmitale nipatya yatase tyaktuṁ nijaṁ jīvitam I
Hā hā tvaṁ patitaiva kiṁ vitananai paśyāmyadhastāditi
Sā me paśyata eva sāṭṭahasitaṁ pāṭaccarī vidrutā II

भोली (बावली), मैंने ऐसा क्या कर दिया कि तू भागकर पहाड़ी से नीचे कूदकर जान दे देना चाह रही है। हाय-हाय, तू तो पहाड़ की चोटी से कूद ही गई! अब मैं क्या करूं! चलो मैं नीचे की ओर देखता हूँ- ऐसा कहते हुए जब मैंने नीचे की ओर देखा तो पाया कि तू चोरनी अट्हास करती हुई दूर भागी जा रही है।

Oh foolish girl. what have I done that you are trying to run away and fall from the hill down on the ground below and end your life? Alas, you have fallen. What should I do? Let me look below. So saying, when I looked below, I found the rascal running away fast with a loud guffaw.

एको रसः करुण एव
EKO RASAḤ KARUN EVA

(Pathos is the one and only emotion)

(1)

अज्ञानेन पथि स्थिते निपतितः कूपे पुराणे नरः
दुर्गन्धे द्रुमवल्लिपाशजटिले सर्पाकुले वारिणि।
क्रामन् पादकराहतैः स कथमप्यालम्ब्य भित्तिद्रुमं
प्रायेणोदतरद् यदा द्रुमयुतो भूयोऽपतद्वारिणि॥

Ajñānena pathi sthite nipatitaḥ kūpe purāṇe naraḥ
Durgandhe drumavallipāśajaṭile sarpākule vāriṇi I
Krāman pādakarāhataiḥ sa kathamapyālambya bhittidrumaṁ
Prāyeṇodatarad yadā drumayuto bhūyo'patadvāriṇi II

कोई व्यक्ति अनजाने में मार्ग में स्थित उस पुराने कुँए में गिर पड़ा जिसमें दुर्गन्ध आ रही थी, जो पौधों और लताओं से व्याप्त था और जिसके पानी में साँप रहते थे। पानी में हाथ पैर मारते हुए जैसे-तैसे कुँए की दीवार पर लगे हुए पेड़ को पकड़कर लगभग वह उबर ही चुका था कि पेड़ सहित वह फिर पानी में गिर गया।

A man unknowingly fell in the water of an old smelly well overgrown with weeds and dwelt in bysnakes. He caught hold of a tree that had grown from its wall and by using his hands and legs had managed to reach up to a point of almost getting out when, alas, he fell down in the water this time along with the tree.

(2)

आप्रातस्समयात् श्रमेण महता कृत्वाऽऽर्जनं सर्वतः
वित्तं शाकटिकेन संचितमभूत् नान्नं च तेनाशितम्।
मध्येमार्गमुपागतैः कतिपयैः स्तेनैस्तदर्थार्थिभिः
दीनश्शाकटिकः प्रताड्य निहतो वित्तं च तच्चोरितम्॥

Āprātassamayāt śrameṇa mahatā kṛtvā''rjanaṁ sarvataḥ
Vittaṁ śākaṭikena saṁcitamabhūt nānnaṁ ca tenāśitam I
Madhyemārgamupāgataiḥ katipayaiḥ stenaistadarthārthibhiḥ
Dīnaśśākaṭikaḥ pratāḍya nihato vittaṁ ca taccoritam II

प्रातः काल से अत्यन्त परिश्रम पूर्वक गाड़ी चला कर गाड़ीवाले ने पैसा इकट्ठा किया और उसने अन्न भी नहीं खाया। रास्ते में उसे कुछ चोर मिले जो उसका धन हड़पना चाहते थे। उन्होंने उस गरीब गाड़ीवाले को पीट-पीट कर मार दिया और उसका धन चुरा लिया।

Since daybreak, the cart driver laboured hard and earned by driving his cart around. He had not taken food. When he was coming home, some bandits desiring to grab his money waylaid him and beat and killed him and looted all his money.

(3)

एकाकी सुचिराय दुःखितमनाः पुंस्कोकिलःकोऽपि तत्
कान्तारे विचरन् कथंचन ददर्शान्ते प्रियां कामपि।
कृत्वा प्रेमकथाः प्रमोदविवशो यावत्समाश्लिष्यति
तावत् किंचन शिल्पिना विरचितं शिल्पं तदित्यग्रहीत्॥

Ekākī sucirāya duḥkihtamanāḥ puṁskokilaḥko'pi tat
Kāntāre vicaran kathaṁcan dadarśānte priyāṁ kāmapi I
Kṛtvā premakathāḥ pramodavivaśo yāvatsamāśliṣyati
Tāvat kiṁcana śilpinā viracitaṁ śilpaṁ tadityagrahīt II

चिरकाल तक अकेला रहने वाले दुःखी मन वाले (उदास) किसी नर कोकिल ने जंगल में विचरण करते हुए आखिरकार किसी प्रिया (कोकिला) को देखा। उसके साथ प्रेमकथा करके प्रमोद से विवश (मस्त) होकर ज्यों ही मादा कोकिल के साथ वह आलिंगन करने लगा तो उसे पता चला कि वह कोयल तो किसी शिल्पी के द्वारा निर्मित खिलौना थी।

A male Koel was alone for long and dejected. He roamed in the forest and finally came across a female Koel (for company). He started wooing her and in ecstasy when it went to embrace her it discovered to its dismay that it was after all a statue carved by a sculptor.

(4)

चञ्च्वा शुष्कतृणानि काष्ठशकलान्याहृत्य चैकैकशः
क्रौञ्चः कश्चन कान्तया सह बबन्धावासनीडं द्रुमे।
काले साऽण्डमसूत तौ च मुदितौ भ्रान्त्वा निवृत्तौ यदा
नीडं निर्मथितं तदण्डमभवत् पीतं बिडालेन तत्॥

Cañcvā śuṣkatṛṇāni kāṣṭhaśakalānyāhṛtya caikaikaśaḥ
Krauñcaḥ kascana kāntayā saha babandhāvāsanīḍaṁ drume I
Kāle sā'ṇḍamasūta tau ca muditau bhrāntvā nivṛttau yadā
Nīḍaṁ nirmathitaṁ tadaṇḍamabhavat pīḍaṁ biḍālena tat II

क्रौंच पक्षी ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर चोंच से सूखे तिनके और डंडियों के टुकड़े एक-एक करके इकट्ठे कर पेड़ पर रहने के लिए घोंसला बनाया। समय आने पर क्रौंची ने अंडा दिया। वे दोनों (क्रौंच और क्रौंची) खुशी-खुशी बाहर घूमकर जब घोंसले में लौटे तो दोनों ने देखा कि बिल्ली ने उनके घोंसले को उजाड़ दिया है और अंडे को खा लिया है।

The male krauncha bird with its consort built a nest by carrying with its beak a lot of grass and dry sticks piece by piece. In due course the female laid eggs and both of them roamed around happily but when they returned to the nest they found the nest had been destroyed and the eggs eaten by a cat.

(5)

जातश्चूततरौ वसन्तसमये रागान्वितस्सुन्दरः
हूतानेकपिको मृदुः किसलयो वातेरितो नन्दति।
जानीते न तु कालदुर्गतिमयं येन क्रमेणाहतः
धूतः पीततनुः पतेदुत नरैर्लूयेत शीर्येत वा॥

Jātaṣcūtatarau vasantasamaye rāgānvitassundaraḥ
Hūtēnekapiko mṛduḥ kisalayo vāterito nandati l
Jānīte na tu kāladurgatimayaṁ yena krameṇāhataḥ
Dhūtaḥ pītatanuḥ pateduta narairlūyeta śīryata vā ll

वसंत के समय आम के वृक्ष पर उत्पन्न हुआ लाल-लाल सुन्दर कोमल किसलय अनेक कोयलों को आमंत्रण देता हुआ, पवन से झूमता हुआ बड़ा प्रसन्न हो रहा है। इसे काल की दुर्गति का ज्ञान नहीं है कि यह धीरे-धीरे आहत होगा, काँपने लगेगा, पीला पड़ जाएगा और वृक्ष से नीचे गिर जाएगा अथवा मनुष्यों के द्वारा तोड़ कर नोच दिया जाएगा।

This beautiful red and tender leaf sprouted on the mango tree in spring is fluttering in breeze and beckoning the Koel and is happy. Alas, it does not know the fate awaiting it in time when it will gradually become yellow and fall with a shake or will be plucked and torn by people.

(6)

जात्यन्धश्च कृतान्धवेषरचनो नेत्रे निमील्यात्मनो
द्वौ भिक्षू धृतकुण्डिकौ प्रतिदिनं छायाद्रुमूलाश्रयौ।
पान्थैः कुण्डिकयोस्समं करुणया क्षिप्तं तु वित्तं पुनः
सर्वं वेषधरः प्रतार्य हरतीत्यन्धः कथं बुध्यताम्॥

Jātyandhaśca kṛtāndhaveṣaracano netre nimilyātmano
dvau bhikṣū dhṛtakuṇḍiko pratidinaṁ chāyādrumūlāśrayau I
Pānthaiḥ kuṇḍikayosamaṁ karuṇayā kṣiptaṁ tu vittaṁ punaḥ
Sarvam veṣadharaḥ pratārya haratītyandhaḥ kathaṁ budhyatām II

दो भिक्षु, जिनमें एक तो जन्म से अंधा था तथा दूसरा अंधे का वेष बनाए हुआ था। (अपनी आँखें बंद कर) कटोरा लिए हुए प्रतिदिन एक छायादार पेड़ के नीचे बैठते थे। उधर से जाने वाले राहगीर (दया के वशीभूत होकर दोनों कटोरों में समान धन (सिक्के) डालते थे किन्तु अन्धे का वेष धारण करने वाला सारे धन को ठगी से हर लेता था – इस बात को बेचारा जन्मान्ध कैसे जानता!

Two beggars, of whom, one was blind by birth and the other pretending to be so by closing his eyes were sitting with their begging bowls in the shade of the tree every day. How should the really blind beggar know that the pretender was taking away all the coins dropped equally in both the bowls by the passers by out of compassion?

(7)

दारुण्यैकनिधिं विधिं तुदति हा रोगी च वृद्धो जनः
सप्राणस्य वपुर्विधे मम कुतो रोगैश्शनैः कृन्तसि।
व्याधिग्राहभिया सखा विमुखतां लोकश्च सावज्ञतां
पत्नी निस्स्पृहतां सुतोऽप्यदयतां याताः क्षते क्षारवत्॥

Dāruṇyaikanidhiṁ vidhiṁ tudati hā rogī ca vṛddho janaḥ
Saprāṇasya vapurvidhe mama kuto rogaiśśanaiḥ kṛntasi I
Vyādhigrāhabhiyā sakhā vimukhatāṁ lokaśca sāvajñatāṁ
Patnī nissprhatāṁ suto'pyadayatāṁ yātāḥ kṣate kṣāravat II

एक बूढ़ा रोगी दारुण विधि को यह कहकर कोस रहा है - 'हे विधाता! जीते जी मेरे शरीर को रोगों से धीरे-धीरे क्यों काट रहा है? बीमारी लग जाने के डर से मेरे मित्रों ने मुझसे मुँह मोड़ लिया है। लोग मेरी अवज्ञा करते हैं। पत्नी मेरी इच्छा नहीं करती और पुत्र भी मेरे प्रति निर्दय हो गया है। ये सब घाव पर नमक की तरह कष्टदायक हैं।'

An old man suffering from desease blames his cruel fate saying. "Oh fate why are you gnawing my body with diseases. My friend has turned away from me fearing contagion. The whole world is insulting me. My wife has lost interest in me. And my son has no compassion. It feels like rubbing salt on my wound".

(8)

दृष्ट्वा निर्मलवस्त्रधारिधनिनो दीनो बुभूषंस्तथा
धीहीनो रजकाय धावनकृतेऽदाद्वस्त्रमेकं निजम्।
वित्तं देयमुपार्ज्य देयदिवसे दत्वा गृहीत्वाऽम्बरं
आगच्छत्यथ पंकिले पथि पटो वाताहतस्सोऽपतत्॥

**Dṛṣṭvā nirmalavastradhāridhanino dīno bubhūṣaṁstathā
Dhīhīno rajakāya dhāvanakṛte'dādvastramekaṁ nijam I
Vittaṁ deyamupārjya deyadivase datvā gṛhītvā'mbaraṁ
Āgacchatyatha paṁkile pathi paṭo vātāhatasso'patat II**

निर्मल वस्त्र धारण करने वाले धनिकों को देखकर एक निर्धन किन्तु बुद्धिहीन मनुष्य ने वैसा बनने के लिए अपना एक वस्त्र धोने के लिए धोबी को दिया। धुलाई के पैसे देने के दिन उसने पैसे कमाकर धोबी को दिए किन्तु वस्त्र लेकर घर आने के समय तेज हवा से उसका वस्त्र कीचड़ भरे रास्ते में गिर गया!

After seeing the rich wear spotless white dress a poor and foolish fellow wanted to dress likewise and gave his only dress for washing to the dhobi and paid the due and got his dress on the delivery day but when he was carrying it, the breeze blew it and it fell on the muddy street below.

(9)

पान्थेभ्यस्समदत्त पर्णलतनुश्छायां य आश्वासिनीं
यश्शस्यानि बहून्यदात् स्वसमये तेषां क्षुधश्शान्तये।
आवासं व्यतनोद् विहंगनिवहायान्योपकारी तरुः
छित्त्वा नीयत एष हा परिणतः कोऽप्यत्र नो रोदिति॥

Pānthebhyassamadatta parṇalatanuśchāyāṁ ya āśvāsinīṁ
Yaśśasyāni bahūnyadāt svasamaye teṣāṁ kṣudhaśśāntaye I
Āvāsaṁ vyatanod vihaṁganivāhānyopakārī taruḥ
Chittvā nīyat eṣa hā pariṇataḥ ko'pyatra no roditi II

जो पत्तेदार वृक्ष पथिकों को आरामदायक छाया देता था, जो समय आने पर उन (पथिकों) की क्षुधा शान्ति के लिए बहुत से फल देता था, जो पक्षियों के समूह को आवास प्रदान करता था, वह परोपकारी वृक्ष काट कर ले जाया जा रहा है। बड़ा कष्ट है कि आज उस पर कोई रोने वाला नहीं है!

Alas, the munificent tree, which gave comforting shade with its leafy branches to the weary travellers and also gave them lots of fruits to quell their hunger during its days and was a refuge to birds, is being felled and carried away and there is no one to wail.

(10)

पित्रोर्जर्जरितांगयोः पलितयोः भ्रातुर्भगिन्यास्तथा
स्वस्रीयस्य निजस्य लोचनपथान्निष्क्रम्य विस्रम्भतः।
कान्ते कामवशे प्रियाधरसुधापानाय पीनायते
वक्षोजे परिरभ्य यत्नवति हा तत्रागता चेटिका॥

Pitvorjarjaritāṁgayoḥ palitayoḥ bhrāturbhaginyāstathā
Svastrīyasya nijasya locanapathānniṣkramya visrambhataḥ I
Kānte kāmavaśe priyādharasudhāpānāya pīnayate
Vakṣoje parirabhya yatnavati hā tatrāgatā ceṭikā II

जर्जर शरीर वाले एवं सफेद बालों वाले माँ-बाप, भाई-बहन और अपने भतीजे की नजरों से बचकर बड़े विश्वासपूर्वक काम के वशीभूत प्रिय ने ज्यों ही प्रिया के पुष्ट स्तनों का आलिंगन कर अधर पान के लिए चेष्टा की, अफसोस! तभी वहाँ नौकरानी आ गई।

Having escaped from the eyes of his old parents, and his younger brother, sister and nephew, when the lustful groom grabbed the breasts of his bride to stamp a kiss on her, alas, there entered the servant maid. (Even with a mix of eros and laughter as passing emotions on the readers the emotion that finally stays with the groom is only pathos).

(11)

पूर्वं रूप्यशतं सुवर्णवलयं हीरांगुलीयं ततो
भर्तुर्वेश्मनि चोरितं समभवत् चोरो न दुष्टः परम्।
विश्वस्तस्सुचरित्रवान् अतिऋजुः कोऽप्येकदा सेवकः
मुष्णन् काष्ठमवेक्षितोऽथ घटितः पूर्वापराधैरपि॥

Pūrvaṁ rūpyaśataṁ suvarṇavalayaṁ hīrāṁgulīyaṁ tato
Bharturveśmani coritaṁ samabhavat coro na duṣṭaḥ param I
Viśvastassucaritravān atiṛjuḥ ko'pyekadā sevakaḥ
Muṣṇan kāṣṭhamavekṣito'tha ghaṭitaḥ pūrvāparādhairapi II

पहले सौ रुपये का नोट, फिर सोने का कंगन फिर हीरे की अंगूठी मालिक के घर से चोरी हुई पर चोर को नहीं पकड़ा जा सका। एक दिन विश्वस्त, अच्छे चरित्र वाला अत्यन्त सीधा एक सेवक जलाने की लकड़ी चुराता हुआ देख लिया गया और उस पर पहले के अपराध भी मढ़ दिए गए।

First a hundred rupees note, then a gold bangle and then a diamond ring were stolen from the master's house but the thief could not be found. But once when a reliable, honest and straightforward servant was found taking a piece of fuel wood, he was charged with all the previous thefts as well.

(12)

बन्धुर्नास्ति गतिश्च नास्ति भुवने नाथो विपन्नश्च मे
एकोऽयं गतिरित्यतीव कृपया प्रीत्याऽम्बया वर्धितः।
वात्सल्यं त्वविचिन्त्य मातृसविधं हित्वा गतस्स क्वचित्
तं दीना परिदेवनैर्मृगयते नास्त्यस्य वार्ताहरः॥

Bandhurnāsti gatiśca nāsti bhuvane nātho vipannaśca me
Eko'yaṁ gatirityatīva kṛpayā prītyā'mbayā vardhitaḥ I
Vātsaḷyaṁ tvacicintya mātṛsavidhaṁ hitvā gatassa kvacit
Taṁ dīnā paridevanairmṛgayate nāstyasya vārtāharaḥ II

'मेरे कोई भाई बन्धु नहीं हैं। संसार में मेरी कोई गति नहीं है। मेरा पति मर चुका है। बस यही एक मेरा सहारा है।' यह सोचकर अत्यन्त कृपा पूर्वक और प्रीति पूर्वक माँ ने जिसे पाल पोसकर बड़ा किया था, वही उसका बेटा माता के वात्सल्य की परवाह किये बिना उसे छोड़कर कहीं चला गया। बेचारी माँ रो-रोकर उसे ढूँढती रहती है पर उसका संदेशा देने वाला कोई नहीं है।

I have no relations. Nowhere to go in the world and my husband is no more. This child of mine is my only refuge. So thinking the mother brought him up with great love and care. But without caring for his mother's love, he went away somewhere and the mother is searching for him and there is no news about him.

(13)

भुक्तं साधु मनश्च तृप्तमधुना गायामि तस्मादिति
मण्डूकः स्वरितै प्लुतैश्च रटितुं कैदारिके प्रोद्यतः।
रावं तस्य निशम्य कोऽपि भुजगः तं भक्षयिष्यन् मुदा
सद्यः पृष्ठत एत्य तं स्ववदनेनैवाग्रहीत् हन्त हा॥

Bhuktaṁ sādhu manaśca tṛptamadhunā gāyāmi tasmāditi
Maṇḍukaḥ svaritai plutaiśca raṭituṁ kedārike prodyataḥ I
Rāvaṁ tasya niśamya ko'pi bhujagaḥ taṁ bhakṣayiṣyan mudā
Sadyaḥ pṛṣṭhata etya taṁ svavadanenaivāgrahīt hanta hā II

''मैंने अच्छी तरह भोजन कर लिया है; मेरा मन तृप्त हो गया है। अब कुछ गा लूँ'' यह सोचकर मेंढक ने खेत में स्वरित और प्लुत स्वरों में टर्राना शुरू कर दिया। उसके शब्द को सुनकर उसे खुशी से खाने कीं इच्छा से एक साँप ने शीघ्र ही पीछे से आकर उसे अपने मुख में पकड़ लिया!

"I have eaten well and am feeling satisfie. Let me sing," so saying a frog started croaking in the field. But, alas, on hearing its noise a snake came behind with the intent of grabbing it and caught it in its mouth.

(14)

भ्रातः पश्य रसालवृक्षफलने त्वं यावदात्तश्रमो
लोकोऽभ्येत्य फलेषु तत्परतया त्वामेष सेविष्यते।
यावत्कालविशोषिताहतदलः त्वं काष्ठवत् तिष्ठसि
तावन्निर्दयमेधसे परशुभिश्छित्त्वा गृहं नेष्यसे॥

Bhrātaḥ paśya rasālavṛkṣaphalane tvaṁ yāvadāttaśramo
Loko'byetya phaleṣu tatparatayā tvāmeṣa seviṣyate I
Yāvatkālaviśoṣitāhatadalaḥ tvaṁ kāṣṭhavat tiṣṭhasi
Tāvannirdayamedhase paraśubhiś chittvā gṛhaṁ neṣyase II

हे भाई आम के वृक्ष! जब तक तू फल देने का श्रम उठा रहा है तब तक तेरे फलों की आकांक्षा करने वाले लोग भी तेरे पास आकर तेरी सेवा करेंगे। जब समय आने पर तेरे पत्ते सूखने लगेंगे और तू सूखी लकड़ी के समान हो जाएगा तब लोग निर्दयतापूर्वक कुल्हाड़ी से काटकर तुझे ईंधन के लिए घर ले जायेंगे।

Oh brother, Mango tree, as long as you take the trouble of bearing fruits the world will worship you. By efflux of time, if your leaves dry up and you stand like a dry stick then the world will cut and fell and take you home for fuel.

(15)

मृत्पात्री मलिनाम्बरः कृशवपुः भिक्षुः क्षुधा पीडितः
याचन् सर्वत आप पूर्वदिवसात् शिष्टं किमप्योदनम्।
विश्रान्तः करवाणि भोजनमिति प्रादाय वीथ्यां चलन्
यानेनातिरयागतेन निहतो भुक्तं तदन्नं शुना॥

Mṛtpātrī malināmbaraḥ kṛśavapuḥ bhikṣuḥ kṣudhā pīḍitaḥ
Yācan sarvat āpa pūrvadivasāt śiṣṭaṁ kimapyodanam I
Viśrāntaḥ karavāṇi bhojanamiti prādāya vīthyāṁ calan
Yānenātirayāgatena nihato bhuktaṁ tadannaṁ śunā II

मिट्टी का बर्तन लिये हुए, मैले कपड़े पहने, दुर्बल शरीर वाले और भूख से पीड़ित भिक्षु (भिखारी) ने भीख मांग कर पहले दिन का बचा हुआ कुछ भात हासिल किया। 'मैं विश्राम करके भोजन करूँगा'- यह सोचकर उसे (भात को) लेकर गली में जाते हुए उसे अत्यन्त तेजी से आते हुए एक वाहन ने टक्कर मार दी जिससे कि वह मर गया और उसके भात को कुत्ते ने खा लिया।

An emaciated and hungry beggar clad in rags and carrying an earthen bowl moved around begging and got some food kept overnight for eating. He thought he would rest somewhere and eat. So he moved on the road when he ws hit by a fast moving vehicle and killed. The food was eaten by a dog.

(16)

लीलालोलमुखालकेन ललिता स्वेदाम्बुजालाकुला
तीरे वारिनिधेः श्रमेण पुलिनैः क्लिन्नैस्ससौधं गृहम्।
बाला काऽपि मुहुर्मुहुस्सृजति तं वारांनिधिः फेनिलै-
र्हासेन ग्रसते तरंगनिवहैस्सा हन्त भग्नोद्यमा॥

**Līlālolamukhālakena lalitā svedāmbujālākulā
Tīre vārinidheḥ śrameṇa pulinaiḥ klinnaissasaudhaṁ gṛham I
Bālā kā'pi muhurmuhussṛjati taṁ vārāṁnidhiḥ phenilair-
hāsena grasate taraṁganivhaissā hanta bhagnodyamā II**

वह सुन्दर लड़की, जिसके मुख पर चंचल अलकें (जुल्फें) खेल रही हैं, पसीने की बूंदों से व्याप्त होकर समुद्र के किनारे पर गीले रेत (बालू) से बार-बार बड़ी मेहनत से बहुमंजिला मकान (घरौंदा) बनाती है और उसे समुद्र झाग भरी तरंगों के समूह से हंसता हुआ ग्रस लेता है और उस बेचारी का उद्यम (परिश्रम) व्यर्थ हो जाता है!

Look, that beautiful girl on the beach is repeatedly trying to build a multistoreyed house with wet sands with her flock of hair flying on the face and with a lot of perspiration all over her. But the sea is devouring her house with its foamy waves and she is crest-fallen

(17)

वित्तोपार्जनहेतवे प्रियतमे कान्ते विदेशं गते
तन्वी प्रोषितभर्तृका प्रतिदिनं तत्पत्रमुत्पश्यति।
एकस्मिन् दिवसे कुतोऽपि लिखितं केनापि दृष्ट्वाऽत्मने
हा नाथ क्व गतोऽसि हेति पतिताऽऽक्रुष्टैः पुनर्नोत्थिता॥

Vittopārjanahetave priyatame kānte videśaṁ gate
Tanvī proṣitabhartṛkā pratidinaṁ tarpatramutpaśyati I
Ekasmin davase kuto'pi likhitaṁ kenāpi daṣṭvā'tmane
Hā nātha kva gato'si heti patitā''kruṣṭaiḥ punarnotthitā II

धन कमाने के लिए प्रियतम पति के विदेश जाने पर प्रोषितभर्तृका उसके पत्र की प्रतिदिन प्रतीक्षा करती थी। एक दिन कहीं से किसी के द्वारा अपने लिए भेजे गए पत्र को देखकर ''हाय! नाथ तुम कहाँ चले गए'' ऐसा क्रन्दन करती हुई वह पछाड़ खाकर गिर गई और फिर उठी ही नहीं।

The householder had gone abroad to earn and the wife as is won't with a heroine whose hero was away, was expecting a letter from him every day. Alas, one day she got a letter written by someone from somewhere and on reading it she wailed crying "Oh Lord, you have gone leaving me" and fell down and did not get up anymore.

(18)

सायाह्ने विकचं सुगन्धि कुसुमं मल्लीलतायां सितं
स्त्रीभिर्धारयितुं निजे कचभरे सोत्साहमाकाङ्क्षितम्।
देवीपूजनतत्परैरपि जनैः पूजार्थमुत्कण्ठया
हन्तागत्य विलावितं विमथितं बालेन लीलावता॥

Sāyāhyne vikacaṁ sugandhi kusumaṁ mallīlatāyāṁ sitaṁ
Strībhirdhārayituṁ nije kacabhare sotsāhamākāṅkṣitam I
Devīpūjanatatparairapi janaiḥ pūjārthamutkaṇṭhayā
Hantāgatya vilāvitaṁvimathitaṁ bālena līlāvatā II

सायंकाल के समय मल्ली (चमेली) की डाली पर सुगन्धित तथा विकसित जिस सफेद पुष्प को स्त्रियाँ अपने केश कलाप में बड़े उत्साह से धारण करना चाहती थी एवं जिसे देवी के पूजन के लिए तत्पर लोग उत्सुकता (उत्कण्ठा) पूर्वक पूजा के लिए चाहते थे अफसोस है कि उसे खेलते हुए बच्चे ने आकर तोड़कर मसल डाला।

The fragrant white flower blossomed in the evening in the jasmine creeper anxiously awaited by the ladies for bedecking their fleece and eagerly looked for by people performing puja to the Goddess, was, alas, plucked and crushed by the playful boy.

(19)

शोकं श्लोकमिषेण वर्णितमिदं प्रत्यक्षवृत्तान्ततः
आकर्ण्यानुभवं निजं च विविधं संचिन्त्य सम्यग् बुधाः।
दारिद्र्येण तथाऽन्यथा च करुणं लोके यदापद्यते
आलोच्य स्रुतमश्रु नेत्रयुगतः प्रावर्तयेयुश्चिरम्॥

Śokaṁ ślokamiṣeṇa varṇitamidaṁ pratyakṣavṛttāntataḥ
Ākarṇyānubhavaṁ nijaṁ ca vividhaṁ saṁcintya samyag budhāḥ I
Dāridryeṇa tathā'nyathā ca karuṇaṁ loke yadāpadyate
Ālocya srutamaśru netrayugataḥ prāvartayeyuściram II

विद्वज्जन श्लोक के बहाने यहाँ प्रत्यक्ष वृत्तान्त के रूप में वर्णित शोक को सुनकर, अपने विविध अनुभवों को अच्छी तरह सोचकर तथा गरीबी के कारण जिस प्रकार करुण घटनाएं हो जाती हैं, उसको देखकर चिरकाल तक आँखों से आँसू बहाएँगे।

After hearing the true but pathoic incidents described in the verses and contemplating upon the various experiences of their own about the pathoic happenings in the world based on poverty and other circumstances scholars will shed copious tears from their eyes for a long time.

(20)

प्रागुक्तं भवभूतिनामकविना स्वे नाटके विश्रुते
एकः कारुणिको रसस्तदितरे ये तद्विवर्ता हि ते।
लोकोऽयं तदिहात्मनीनचरिते नानारसे निष्ठितं
सर्वान्तर्गतजीवकल्पकरुणं पश्यत्विती‍दं कृतम्॥

Prāguktaṁ bhabhūtināmakavinā sve nāṭake viśrute
Ekaḥ kāruṇiko rasastaditare ye tadvivartā hi te I
Loko'yaṁ tadihātmaṇīnacarite nānārase niṣṭhitaṁ
Sarvāntargatajīvakalpakaruṇaṁ paśyatvitīdaṁ kṛtam II

'पहले भवभूति नामक कवि ने अपने विश्रुत (उत्तरराम चरितम् नामक) नाटक में कहा था कि एक करुण ही प्रधान रस है, बाकी रस उसके विवर्त ही है। लोग नाना रसों में विद्यमान एवं सभी के अन्तर्गत जीव के समान रहने वाली करुणा को अपने चरित में देख लें' – यह सोचकर इस कविता की रचना की गयी है।

Long ago, Poet Bhavabhuti sang in his famous drama that pathos is the one and only emotion and all others are but different forms thereof. This poem has been composed so that the world can see pathos pervading as the dominant emotion even in actions with apparently different emotions.

कामनिवृत्तिः
KAMANIVṚTTIḤ
(Turning away from Lust)

(1)

मोहान्धस्तव सुन्दरं सुललितं हित्वा सुवर्णं प्रिये
रूपं पुण्यवशेन जातु विबुधैरासाद्यमानं शुभम्।
जिह्रेमीह पुरीषमूत्रमलिनस्त्रीवेषलोलोऽभवम्
मामंगीकुरु मामकीनकविते मय्यादरं दर्शय॥

**Mohāndhastava sundaraṁ sulalitaṁ hitvā suvarṇaṁ priye
Rūpaṁ puṇyavaśena jātu vibudhairāsādyamānaṁ śubham I
Jihremīha purīṣamūtramalinastrīveṣalolo'bhavam
Māmaṁgīkuru māmaīnakavite mayyādaraṁ darśaya II**

मेरी प्यारी कविते! तू मुझे स्वीकार कर ले और मेरे प्रति अपना ममत्व प्रदर्शित कर। मैं बड़ा लज्जित हूँ कि मैं मोह में अन्धा होकर तेरे सुन्दर ललित और सुवर्ण (सुनहरे और सुन्दर पदों से युक्त) और अत्यन्त शुभ रूप, जो कि बड़े पुण्य से कभी-कभी विबुधों (देवताओं और विद्वानों) को प्राप्त होता है, को छोड़कर मलमूत्र से मलिन स्त्री के वेश के प्रति चंचल हो गया।

Oh my Muse, accept me and show your affection. I feel ashamed that I discarded your auspicious and beautiful golden form, which can be attained even by Gods only through good furture, and went hankering after the female form of beauty dirty with foecal filth.

(2)

त्वय्यासक्तामनास्त्वदन्यविमुखस्त्वामेव नित्यं स्मरन्
संवेशेषु च जागरेषु समभूत् कान्तः पुराऽयं जनः।
अज्ञानां सहवासिनां परिचयात् दोषाः पुनर्ये कृताः
औदार्यादनुकम्पया च कविते तान्मर्षयेथाः प्रिये॥

Tvayyāsaktāmanāstvadanyavimukhastvāmeva nityaṁ smaran
Saṁveśaṣu ca jāgareṣu samabhūt kāntaḥ purā'yaṁ janaḥ I
Ajñānāṁ sahavāsināṁ paricayāt doṣāḥ punarye kṛtāḥ
Audāryādanukampayā ca kavite tānmarṣayethāḥ priye II

ओ मेरी प्रिय कविते! अतीत में मेरा मन तुझमें ही आसक्त रहता था। तेरे अलावा किसी और में मेरा मन नहीं लगता था। सोते और जागते तुझे नित्य स्मरण करने वाला मैं पहले तेरा प्रिय था। कुछ मूर्ख सहवासियों के परिचय से मैंने जो गलतियाँ कर दी हैं उनके लिए तू उदारता और दया पूर्वक मुझे क्षमा कर दे।

Oh my Muse, forgive me with generosity and compassion for all the sins committed by me in the company of ignoramuses, considering the fact that in the past I always remained immersed in you and never thought of any other thing either in sleep or in wakeful state.

(3)

मूढेनेदमसाधु कर्म कलितं साध्वेव जातं यतः
दुर्वृत्ता अवलोक्य केवलबहिर्लावण्यभाजः स्त्रियः।
ताभिस्संतुलनेन ते शुभतरं दिव्यं पवित्रं स्थिरं
ज्ञात्वा रूपमतस्सहस्रगुणितप्रेमाऽहमभ्यागतः॥

Mūḍhenedamasādhu karma kalitaṁ sādhveva jātam yataḥ
Durvṛttā avalokya kevalabahirlāvaṇyabhājaḥ striyaḥ I
Tābhissaṁtulanena te śubhataraṁ divyaṁ pavitraṁ sthiraṁ
Jñātvā rūpamatassahasraguṇitaprema'hamabhyāgataḥ II

मूढ़ होकर मैंने जो यह अनुचित काम किया है तो ठीक ही हुआ क्योंकि केवल बाहरी सौन्दर्य को धारण करने वाली दुर्वृत्त स्त्रियों को देखकर उनके साथ तेरी तुलना करके तेरे अपेक्षाकृत शुभ, दिव्य, पवित्र और स्थिर रूप को जानकर मैं पुनः हजारगुने प्यार से युक्त होकर तेरे पास आ गया हूँ।

The undesirable activity I was engaged in has in fact been a blessing in disguise as I have now become more aware of your holy, divine and permanent beauty in comparison with ther diabolical women who have only external beauty and have therefore come back to you with love that has now increased thousand fold.

(4)

क्व त्वं चन्दनचंद्रशीतलसुखस्पर्शा क्व ताः कुस्त्रियः
क्व त्वं प्रेमरसार्द्रमञ्जुवचना दृप्तावलिप्ताः क्व ताः।
सौन्दर्ये मधुरिम्णि च प्रतिपदं या चिन्तिता वर्धते
तस्यास्तेऽसितमेषयोषित इमा नार्यो हरिण्याः पुरः॥

Kva tvaṁ candanacaṁdraśītalasukhasparśā kva tāḥ kustriyaḥ
Kva tvaṁ premarasārdramañjuvacanā dṛptāvaliptāḥ kva tāḥ I
Saundarye madhurimṇi ca pratipadaṁ yā cintitā vardhate
Tasyāste'sitameṣayoṣita imā nāryo hariṇyāḥ puraḥ II

कहाँ तो चन्दन और चन्द्रमा के समान शीतल और सुख स्पर्श वाली तू और कहाँ वे बुरी स्त्रियाँ? कहाँ तो प्रेम के रस से सिक्त सुन्दर वचनों वाली तू और कहाँ वे घमण्डी स्त्रियाँ? तेरे सौन्दर्य और माधुर्य की यदि उनसे तुलना की जाय तो लगेगा कि तू हिरनी है और वे नारियाँ काली भेड़ें हैं।

Where is your pleasing touch as cool as sandal paste and Moon, and where are those bad women? Compared to you, who when contemplated enhance the beauty and sweetness, these women look like black sheep in comparison with a doe.

(5)

**कान्ते चिन्तय तानि तानि रहसि क्रीडाकृतान्यावयोः
आनन्देन पुरा नवं नवमलंकारं मया ते कृतम्।
त्वद्गीतौ त्वदलंकृतौ तव पदन्यासे रतस्य ध्वनौ
यातानि क्षणवद्दिनानि करुणां दीने दधीथाः पुनः॥**

**Kānte cintaye tāni tāni rahasi krīḍākṛtānyāvayoḥ
Ānandena purā navaṁ navamalaṁkāraṁ mayā te kṛtam I
Tvadgītau tvadalaṁkṛtau tava padanyāse ratasya dhvanau
Yātāni kṣaṇavaddināni karuṇāṁ dīne dadhīthāḥ punaḥ II**

प्रिये! एकान्त में की गयी हमारी क्रीड़ाओं का तो ध्यान कर। मैंने अतीत में तेरा नये से नया अलंकरण किया है! तेरे गीतों, अलंकृति, पदन्यास और ध्वनि में तल्लीन मेरे दिन क्षणभर के समान व्यतीत हो गये। मुझ दीन पर फिर से दया कर।

Oh, beloved, think of those playful moments of ours in secret when I joyously bedecked you with jewels. In deed those days spent by us together in music beautification, soft placement of steps and pleasing sounds fleeted fast as minutes. Please have mercy on me.

(6)

पुण्यामव्यभिचारिणीं प्रियतमां नित्यं प्रसन्नां प्रिये
त्वां हित्वा मधुरां सुवर्णसुभगां कामान्धभूतस्य मे।
नीचाश्चंचलचेतसस्सकलुषाः पापाः दुरापाशयाः
दुष्टाः कष्टमनार्यकार्यकुशलाः नार्योऽभवन् संमताः॥

Puṇyāmavyabhicāriṇīṁ priyatamāṁ nityaṁ prasannāṁ priye
Tvāṁ hitvā madhurām suvarṇasubhagāṁ kāmāndhabhūtasya me I
Nicāścaṁcalacetasassakaluṣāḥ pāpāḥ durāpāśayāḥ
Duṣṭāḥ kaṣṭamanāryakāryakuśalāḥ nāryo'bhavan saṁmatāḥ II

प्रिये! पवित्र, सदाचारिणी, नित्य प्रसन्न मधुर तथा सुवर्ण-सुन्दर तुझ प्रियतमा को छोड़कर मैं नीच, चंचलचित्त, कलुषित, पापरत, अविश्वसनीय, दुष्ट तथा अनार्य कार्य करने में कुशल नारियों को पसन्द करने लगा था!

It is a pity that the lowly fickle minded confused and unfathomable women, adept in undesirable activities became acceptable to me leaving the sweet golden divine and unflinching beloved like you as I was blinded by lust.

(7)

लावण्यं कविते त्वदीयमखिलं संदर्श्य संतोष्य मां
आश्लिष्यालघु संततं तव पदाभ्यर्णं निषण्णं कुरु।
लोलापांगपथप्रतारितजिताशेषावनीनां स्त्रियां
लीलान्दोलितलोलनीलकबरीबन्धं पुनर्नार्थये॥

Lāvaṇyaṁ kavite tvadīyamakhilaṁ saṁdarśya saṁtoṣya māṁ
Āviśyālaghu saṁtataṁ tava padābhyarṇaṁ niṣaṇṇaṁ kuru I
Lolāpāṁgapathapratāritajitāśeṣāvanīnāṁ striyāṁ
Līlāndolitalolanīlakabarībandhaṁ punarnārthaye II

मेरी कविते! अपने सम्पूर्ण लावण्य को मुझे दिखाकर तथा सन्तुष्ट कर तू मुझमें समा जा और मुझे सदा अपने पदों के पास ही रहने दे। अपनी चंचल चितवनों से ठगकर संसार को जीत लेने वाली स्त्रियों के लीला (अदा) से हिलाये गये चंचल श्याम केशपाश में मैं पुनः बँधना नहीं चाहता।

Oh Muse, Make me sit at your feet always by forcibly entering into my mind and showing me all your beauty and captivating me. I do not want to be tied again by the long black fleece of the women who practice deception and win the world with their furtive glances.

(8)

प्रत्यायातमतीव दीनवदनं त्वां प्रार्थयन्तं पुनः
दुःखेनानुशयोत्थितेन कविते संतप्यमानं भृशम्।
उन्मीलत्करुणार्द्रहार्दतरलैस्तुंगैरपांगैर्निजै-
र्मामंगीकुरुषे न चेदभिमतो मृत्युस्तदात्वे मम॥

**Pratyāyātamatīva dīnavadanaṁ tvāṁ prārthayantaṁ punaḥ
Duḥkhenānuśayotthitena kavite saṁtapyamānaṁ bhṛśam I
Unmīlatkaruṇārdrahārdataralaistuṁgairapāngaivnijair-
māmaṁgīkuruṣe na cedabhimato mṛtyustadātve mama II**

कविते! मैं तेरे पास लौट आया हूँ। मेरा मुँह दीन हो रहा है। मैं पुनः तेरी प्रार्थना कर रहा हूँ। पश्चात्ताप के दुःख से मैं बहुत सन्तप्त हो रहा हूँ। यदि तू करुणा से भीगी हार्दिक तथा अत्यन्त तरल दृष्टि से मुझे स्वीकार नहीं करेगी तो मुझे मृत्यु ही अभीष्ट होगी।

I have returned to you with a crest fallen face and am seeking you. If you do not accept me, who is suffering in remorse, and give your glance wet with feelings of compassion that well in you, I would prefer to end my life forthwith.

(9)

वैराग्यं विषयेषु तावकपदे भक्तिं परां शाश्वतीं
माधुर्यं वचने मदीयकविते पापे विरक्तिं सदा।
सत्कर्माणि विहाय वस्तुषु पुनर्निन्द्येषु नन्दन्ति ये
तेषां कुत्सितजन्मनां वितर मे संगे विरक्तिं तथा॥

Vairāgyaṁ viṣayeṣu tāvakapade bhaktiṁ parāṁ śāśvatīṁ
Mādhuryam vacane madīyakavite pāpe viraktiṁ sadā I
Satkarmāṇi vihāya vastuṣu punarnindyeṣu nandanti ye
Teṣāṁ kutsitajanmanāṁ vitara me saṁge viraktiṁ tathā II

मेरी कविते! मुझे विषयों से वैराग्य प्रदान कर; अपने पदों में स्थायी भक्ति दे; मेरे वचनों में मधुरता प्रदान कर और पाप से सर्वदा विरक्ति दे। जो लोग सत्कर्मों को छोड़कर निन्दनीय वस्तुओं में प्रसन्न रहते हैं उन कुत्सित जन्म वाले लोगों के संग से मुझे विरक्त कर।

please give me, disinterest in sensuous pleasures, a steadfast devotion to you, sweet words, a dislike in sins and distance from the company of the lowly people who revel in despicable activities shunning all good.

(10)

क्रन्दन्तं करुणं प्रिये प्रियतमं नैसर्गिकीं स्वां कृपां
कृत्वा पृष्ठ उपेक्षसे यदि तदा दोषस्तव स्यादयम्।
अंगीकृत्य पुरा परित्यजसि चेदद्यापसाराय मां
दैवीमेव समाश्रयेत् तव दयां लोकापवादो महान्॥

Krandantaṁ karuṇaṁ priye priyatamaṁ naisargikīṁ svāṁ kṛpāṁ
Kṛtvā prṣṭha upakṣase yadi tadā doṣastava syādayam I
Aṁgīkṛtya purā parityajasi cedadyāpasārāya māṁ
Daivīmeva samāśrayet tava dayāṁ lokāpavādo mahān II

प्रिये! करुण क्रन्दन करते हुए अपने प्रियतम की (मेरी) यदि अपनी स्वाभाविक कृपा को भूलकर तू उपेक्षा करती है तो यह तेरा दोष कहा जायेगा। पहले अपना बनाकर यदि अब मुझे दूर करने के लिए तू मेरा त्याग करती है तो तेरी दिव्य दया की बड़ी बदनामी होगी।

(यहाँ कविता के प्रति कहे गये उक्त कथन अपनी रूठी हुई प्रियतमा को मनाने के लिए भी प्रयुक्त हो सकते हैं।)

Oh, Muse; if you forget your natural compassion and turn against me who have come to you crying pitiably, the fault will be entirely yours. Having once accepted me as yours if you now discard me to go away, a great blemish and scandal will attach to your divine quality of mercy itselfl

(There is an overtone of allegory in this poem as it can be likened to an erring lover returning to his beloved asking for forgiveness).

About the Author:



S. Sundararajan M.A., (Chemistry) I.A.S. (Retd.), **Born on:** 13-9-1936, at Devanathavilasa Village, **Distt.:** Tanjaur, **Father:** Srimadasu Kavisarvabhauma Villur Srinivasa Raghavacharya Swami, **Mother:** Smt. Vanjulavalli, Author also of Śrī Jagannātha Suprabhātādi Stotras, Śrī Badarīśataraṅgiṇī, Suraśmikāśmīram, Abhāgabhāratam, Śri Hanumatpañcaśat & Śaraṇāgatiṣoḍasī Resi.: 21, V.I.P. Colony, Ekamravihar, Nayapalli, Bhubaneswar- 751015

काव्यप्रणेता

नाम श्री श्री॰ सुन्दरराजः, **पिता** श्रीमदाशुकविसार्वभौम-विल्लूर श्री निवासराघवाचार्य स्वामी, **माता** श्रीमती वञ्जुलवल्ली, **जन्मतिथिः** 13-9-1936 ई॰, **जन्मस्थानं** तञ्जावूरजनपदान्तर्गत देवनाथविलासग्रामः, **शिक्षा** एम॰ए॰, (रसायनशास्त्रे) आइ॰ए॰एस॰ (प्राप्तावकाशः)

रचनाः श्रीजगन्नाथसुप्रभातादिस्तोत्राणि, श्रीजगन्नाथमङ्गलाशासनं, 'तिरुप्पावै' 'तिरुप्पाल्लियेपुच्चि'-संस्कृतानुवादः, श्रीबदरीशतरङ्गिणी, सुरश्मिकाश्मीरम्, अभागभारतम्, श्रीहनूमपञ्चाशत् तथा शरणागतिषोडशी अन्याश्च स्फुटाः कविताः, **आवाससङ्केतः** 21, वी॰आई॰पी॰ कालोनी, एकाम्रविहारः, नयापल्ली, भुवनेश्वर-751015

महादेवी ज्ञानकेन्द्र

नई दिल्ली–110049

मूल्य : 150.00